कार्यालय नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल.

# //आदेश//

क्रमांकजी0बी0दो/(30)2017/2730 भोपाल, दिनांक 30/12/2017

मुद्रण और जिल्दसाजी के नियम 52 एवं 53 तथा गैर सरकारी मुद्रणालयों में मुद्रण संबंधी नियम 1957 की कंडिका–7 के अन्तर्गत निविदाएं बुलाई जाकर दरें प्रसारित किये जाने की व्यवस्था प्रचलित रही है। इसी क्रम में इस कार्यालय द्वारा पूर्व परिपत्र क्रमांक जी0बी0दो/(68)2013/1932 दिनांक 24–6–2014 की कंडिका–5 को अधिक्रमित करते हुए निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किये जाते है :–

1. विभागों की मांग पर मुद्रित की जाने वाली सामग्री के संदर्भ में मुद्रण मांगपत्र प्राप्त होने पर सर्वप्रथम यह प्रयास किया जायेगा कि मांगपत्र के अन्तर्गत कार्य निर्धारित समय–सीमा में शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय द्वारा उनके अन्तर्गत उपलब्ध संसाधनों से पूर्ण किया जाए।
2. यदि शासकीय मुद्रणालय को ऐसा मुद्रण कार्य (पूर्ण अथवा अंशतः) के लिए मांगपत्र प्राप्त होता है, जो मुद्रणालय में उपलब्ध संसाधनों/विधा से पूर्ण किया जाना संभव नहीं है, अथवा कागज/मुद्रण सामग्री की अनुपलब्धता, वर्कलोड के कारण समय–सीमा में पूर्ण किया जाना संभव नहीं है, तब ऐसे कार्यों के लिए मुद्रण एवं जिल्दसाजी नियम–52 एवं 53 तथा गैर सरकारी मुद्रणालयों को आउटसोर्सिंग के लिए विचार किया जायेगा।
3. इसी तारतम्य में मुद्रण और जिल्दसाजी नियमों में प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत मुद्रकों एवं जिल्दसाजों से स्क्रीन प्रिंटिंग एवं प्लेट मेंकिग कार्य के लिए दरें निविदा क्रमाक जी0बी0/दो(30)2017/1587 दिनांक 12–7–2017 द्वारा आमंत्रित की गई। प्राप्त 03 निविदाओं में से 02 निविदा तकनीकी भाग में पात्र पायी जाने से उनकी कामर्शियल भाग खोली गई।
4. तकनीकी परीक्षण समिति द्वारा तुलनात्मक पत्रक का परीक्षण कर अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गई, जिसे सक्षम अधिकारी द्वारा मान्य किया गया है।
5. निविदा प्रावधान अनुसार न्यूनतम दर ऑफरकर्ता फर्म ($L_1$ फर्म) को अपनी स्थापित क्षमता अनुसार कार्यादेश दिया जायेगा। मुद्रकों/जिल्दसाजों जो उक्त कार्य $L_1$ दर पर करने को सहमत होंगे, कार्य आवंटित किया जा सकेगा।
6. इस आदेश से प्रसारित की जा रही दरें दिनांक 01–07–2017 से 31–03–2018 तक लिये प्रभावशील होंगी।

(राजेश कौल)
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

पृ0क्र0जी0बी0दो / (30) / 2017 / 2731 भोपाल, दिनांक 30/12/2017

प्रतिलिपि :–

1– प्रमुख सचिव / सचिव, म0प्र0 शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल,

2– समस्त विभागाध्यक्ष,

3– रजिस्ट्रार, म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर, ग्वालियर, इन्दौर खण्डपीठ,

4– समस्त संभागीय आयुक्त,

5– समस्त जिलाध्यक्ष,

सरल क्रमांक–2 से 4 एवं 6 को सूचनार्थ एवं मुद्रण कार्य मांग–पत्र भेजे जाने के तारतम्य में आवश्यक कार्यवाही हेतु। उल्लेखनीय है कि यह दरें आदेश की द्वितीय कंडिका में उल्लेखित परिस्थितियों में अंकित नियमों के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी द्वारा सौंपे गये कार्यों के लिए प्रभावशील होंगी, इन दरों का अन्य उपयोग हेतु संदर्भ लिया जाना नियमानुकूल नहीं होगा।

6– उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय / क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा की ओर आदेश की कंडिका–1 के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

7– पंजीकृत मुद्रक (जिनके द्वारा कॉमर्शियल निविदा में भाग लिया गया है) मेसर्स.....................

..........................................................................................................................................

की ओर अग्रेषित कर लेख है कि नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल से विधिवत आदेश प्राप्त होने पर आवंटित कार्य के प्रूफ का लिखित अनुमोदन मांगकर्ता कार्यालय से प्राप्त करना होगा। कागज की गुणवत्ता में कमी / मुद्रण कार्य वांछित स्तर का नहीं होने की दशा में शास्ति अधिरोपित की जावेगी। कार्योपरान्त / सामग्री के मांगकर्ता कार्यालय को प्रदाय के उपरान्त मुद्रण द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा। मांगकर्ता कार्यालय फर्म के प्रस्तुत देयक के पृष्ठ भाग पर अपने सत्यापन / गुणवत्ता से संतुष्टि बाबत् प्रमाण–पत्र अंकित कर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को तीन हस्ताक्षरित नमूनों के साथ देयक परीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा। परीक्षण उपरान्त देयक इस कार्यालय द्वारा भुगतान संबंधी आगामी कार्यवाही हेतु मांगकर्ता कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

8– नियंत्रक के स्टेनो / गार्ड नस्ती।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल।

# स्क्रीन प्रिंटिंग एवं प्लेट मैकिंग कार्य की दरें

| स0क0 | कार्य का विवरण | दरों का प्रकार | कार्य की दरें (रूपयों में) | $L_1$फर्म का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्क्रीन मैकिंग | प्रति स्क्रीन | 10=00 | में. प्रिंटिंग पाइंट, भोपाल |
| 2 | विजिटिंग कार्ड की स्क्रीन प्रिंटिंग | प्रति इम्प्रेशन | 0=50 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 3 | निमंत्रण पत्र की स्क्रीन प्रिंटिंग | प्रति इम्प्रेशन | 1=75 | में. प्रिंटिंग पाइंट, भोपाल |
| 4 | लेटर हेड की स्क्रीन प्रिंटिंग | प्रति इम्प्रेशन | 0=75 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 5 | प्रमाण पत्र ए4 साईज | प्रति इम्प्रेशन | 1=75 | में. प्रिंटिंग पाइंट, भोपाल |
| 6 | लिफाफे की स्क्रीन प्रिंटिंग | प्रति इम्प्रेशन | 0=75 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 7 | पी.एस एल्यूनियम प्लेट मैकिंग 4 कलर थ्रो सी.टी.सी./सी.टी.पी 530X650X0.28mm 25,000 impression per plate short run | प्रति प्लेट | 140=00 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 8 | पी.एस एल्यूनियम प्लेट मैकिंग 4 कलर थ्रो सी.टी.सी./सी.टी.पी 530X650X0.28mm 50,000 impression per plate long run | प्रति प्लेट | 135=00 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 9 | पी.एस एल्यूनियम प्लेट मैकिंग 4 कलर थ्रो सी.टी.सी./सी.टी.पी 476X622X0.28mm 25,000 impression per plate short run | प्रति प्लेट | 145=00 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |
| 10 | पी.एस एल्यूनियम प्लेट मैकिंग 4 कलर थ्रो सी.टी.सी./सी.टी.पी 476X622X0.28mm 50,000 impression per plate long run | प्रति प्लेट | 135=00 | में. गणेश ग्राफिक्स, भोपाल |

**नोटः– उक्त दरें सभी करों (जीएसटी) सहित है।**

(सन्जेश कौल)
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

दरों का निर्धारण किया जाकर सही पाया गया

29/12/17

29/12/2017